### कोरोना वायरस महामारी के दौर में टीकाकरण अभियान के लिए चलाया गया जागरूकता अभियान

जेएच ई न्यूज, बैतूल। जेएच कॉलेज बैतूल की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा दिनांक 20 अप्रैल 2021 को चैत्र शुक्ल अष्टमी सम्राट अशोक की जयंती के अवसर पर अशोक सम्राट की लोक कल्याणकारी नीतियों विषय पर नेशनल वर्चुअल सेमीनार 72 प्रोफेसर, बुद्धिजीवी, शोधार्थियों एवं एनएसएस के स्वयं सेवकों की सहभागिता में कोरोना वायरस टीकाकरण जागरूकता अभियान के साथ आयोजित किया गया। प्रमुख वक्ता सिधार्थ बौद्ध, डोमाराव खातरकर, डॉ. रितु चौहान मिलिंद बौद्ध, डॉ. यास्मिन जिया, डॉ. अमित सातनकर, डॉ. शीतल चौधरी, संयोजक समिति डॉ. सुखदेव डोंगरे, डॉ. चंद्रशेखर मेश्राम, डॉ. संतोष कापसे, प्रो. मनोज घोरसे, आयोजक एनएसएस के पूर्व दलनायक संजय उईके, पुरुष इकाई के दलनायक संजय उईके, महिला इकाई की दलनायक अंजली सोनारे सहित 78 प्राध्यापक और विद्यार्थियों ने सहभागिता की। सिद्धार्थ बौद्ध ने कहा महान सम्राट अशोक को उनकी लोक कल्यानकारी नीतियां, राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण, हास्पिटल, कुएं, तालाब, वृक्षारोपण, पशु बलि प्रथा निषेध, सभी धर्म के साधुओं, भिक्षुओं को संरक्षण के लिए महान सम्राट कहा जाता है। डॉ. सुखदेव डोंगरे ने कहा विश्व के अनेक देशों में बौद्ध का प्रचार कर 23 विश्व विद्यालय स्थापित कर भारत को विश्व गुरू बनाया। मौर्य काल में स्वर्ण मुद्रा तथा शिक्षा स्वास्थ्य की नीतियों के कारण अशोक काल स्वर्ण युग था। डॉ. चंद्रशेखर मेश्राम ने बताया बौद्ध धर्म के प्रचार प्रसार के साथ अशोक ने 84000 बौद्ध स्तूप, अनेकों बौद्ध गुफा, बौद्ध विहार, बुद्ध की मूर्ति बनाई। डॉ. संतोष कापसे ने बताया भारत के राष्ट्रीय ध्वज का निशान अशोक चक्र एवं राष्ट्र चिन्ह चार शेरों वाला अशोक स्तंभ अशोक से लिया। इसके अलावा डॉ. अमित सातनकर, डॉ. रितु चौहान, महेंद्र खोबरागढ़े, देवेन्द्र नागले, करूणा मासोदकर, डॉ. सरोज पाटिल, डॉ. अंजना यादव सहित 10 स्वयं सेवकों ने अपने विचार प्रकट किए।




भाषण प्रतियोगिता में प्रथम सरिता चोटेले, द्वितीय लक्षिता सातपुते एवं तृतीय स्थान पर दुर्गाप्रसाद मोरले रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. संतोष कापसे, आभार प्रकट प्रो. मनोज घोरसे ने किया। नेशनल वर्चुअल संगोष्ठी को सफल बनाने में मयंक राउत, लोकेश पवार, कन्हैयालाल अमरूते, मयंक राठौर, पूनम उईके, ललिता साहू, निधि साबले, भावना सोनी, रामकिशोर पाठक, मोनिका वागद्रे का सक्रिय सहयोग रहा।

Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt. PG College
Betul, MP
21.07.2023 18:17:21

## Mahavir Jayanti NSS 25/04/2021

# अहिंसा परमो धर्म का सिद्धांत दिया महावीर स्वामी ने: डॉ. सुखदेव डोंगरे

जेएच ई न्यूज, बैतूल। जेएच कॉलेज बैतूल की राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में प्राचार्य डॉ. विजेता चौबे के मार्गदर्शन में महावीर स्वामी की जयंती के अवसर पर डॉ. सुखदेव डोंगरे जिला संगठक के निर्देशन में कोरोना वायरस से बचाव एवं कोवैक्सीन तथा कोविशील्ड टीकाकरण के लिए लोगों को समझाइश देते हुए जागरूकता अभियान चलाया। महावीर स्वामी के उपदेश एवं सिद्धांत विषय पर ऑनलाइन संगोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें 6 रासेयो कार्यक्रम अधिकारी, 53 स्वयं सेवकों द्वारा सहभागिता की गई। मुख्य रूप से डॉ. सुखदेव डोंगरे, प्रो. रोहित जैन, डॉ. संजय बनकर, डॉ. यास्मिन जिया, वरिष्ठ स्वयं सेवक सोमचंद साहू, पुरुष इकाई के दलनायक योगेश्वर



पहाड़े, महिला की दलनायक अंजली सोनारे कार्यक्रम में उपस्थित हुए। प्रो. रोहित जैन ने महावीर स्वामी का अहिंसा परमो धर्म का सिद्धांत महत्वपूर्ण बताया। डॉ. सुखदेव डोंगरे ने कहा महावीर स्वामी ने पशु-पक्षी नर बलि प्रथा, जाति, लिंग भेदभाव, अंधविश्वास का विरोध किया एवं पंचवृत अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रम्हचर्य एवं अपरिग्रह का मार्ग बतलाया। डॉ. यास्मिन जिया ने कहा महावीर स्वामी ने पांचों इंद्रियों पर विजय प्राप्त की जिससे उन्हें भगवान बनाया। डॉ. संजय बनकर ने कहा महावीर स्वामी, भगवान बुद्ध, प्लेटो, सुकरात, पायथागोरस, लाहौस, कांफ्यूसियस के समकालीन थे। भगवान बुद्ध एवं महावीर स्वामी श्रमण संस्कृति को मानने वाले थे। वे प्रकृति एवं सत्यकर्म को ही मानते थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सोमचंद साहू, योगिता माकोड़े, लक्षिता सातपुते, जुबेर शेख, सरिता चौटेले, अमित मालवी, निधि सुरजाने, प्रतिभा, दुर्गाप्रसाद मोहले, भूषण भावसार, कन्हैया अमरूते, वर्षा रावत, श्रीजल सिसोदिया, प्रीति धोटे, शर्मिला परते का सक्रिय सहयोग रहा।



Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt. PG College
Betul, MP
21.07.2023 18:17:21

## International Labour Day NSS 01/05/2021



JH E News | ज.हा. शास. स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय, बैतूल (म.प्र.) | दिनांक 01 अप्रैल से 30 जून 2021 | 4

# मजदूरों के हित के बिना देश का विकास संभव नहीं: डॉ. सुखदेव डोंगरे

## जेएच कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर ऑनलाइन संगोष्ठी संपन्न

**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** जेएच कॉलेज बैतूल की प्राचार्या डॉ. विजेता चौबे के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर 1 मई 2021 को ऑनलाइन संगोष्ठी का आयोजन भोपाल के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी राहुल सिंह परिहार, जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे, डॉ. यासमीन जिया, डॉ. साधना डेहरिया, प्रो. प्रदीप पंद्राम, प्रो. मनोज घोरसे, भोपाल से मिलिंद बौद्ध एवं जिले के स्वयंसेवकों की उपस्थिति में गहन विचार मंथन के साथ संपन्न हुई।

संगोष्ठी में रासेयो कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वयंसेवकों ने 72 ने सहभागिता की। ऑनलाइन संगोष्ठी का संयोजन पुरुष इकाई के दलनायक योगेश्वर पहाड़े एवं महिला इकाई की दलनायिका अंजली सोनारे ने किया। राहुल सिंह परिहार ने कहा भारत सरकार मनरेगा के माध्यम से मजदूरों को सशक्त बना रहा है। डॉ. सुखदेव डोंगरे ने कहा श्रमिक मजदूर ही देश के विकास की रीढ़ की हड्डी है। मजदूरों के हित के बिना देश का विकास संभव नहीं है। डॉ. यासमीन जिया ने कहा किसी भी बड़े निर्माण, बिल्डिंग, उद्योग, कृषि कार्य मजदूर के बिना संभव नहीं है। इसलिए मजदूरों का शोषण रोकना चाहिए। डॉ. साधना डेहरिया ने कहा मजदूर में सभी अधिकारी, कर्मचारी भी आते हैं, क्योंकि श्रम के बदले वेतन लेते हैं। प्रो. मनोज घोरसे ने बताया डॉ. भीमराव आंबेडकर ने मजदूरों के हित के लिए दुर्घटना बीमा, भविष्य निधि, पेंशन, टीए, डीए एवं मेडिकल के साथ जीवन बीमा की सुविधा का बिल प्रस्तुत कर पास कराया।

अंजली सोनारे ने बताया कि महिला, पुरुषों को समान वेतन, मातृत्व अवकाश का लाभ बाबा साहेब आंबेडकर के संविधान के कारण मिला है। योगेश्वर पहाड़े ने बताया 12 से 14 घंटे के बजाए 8 घंटे प्रतिदिन मजदूरी का समय प्रस्ताव पारित कराने का श्रेय बाबा साहेब अंबेडकर को जाता है। सरिता चोटेले ने कहा कर्मचारी यूनियन की हड़ताल निषेध का बिल 1948 में भारत सरकार ने औद्योगिक विधेयक में पारित कर लिया था। जिसको डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर ने इसे काला कानून बताया था।

उन्हीं के कारण आज कर्मचारी यूनियन को हड़ताल करने का अधिकारी एवं कर्मचारियों यूनियनों के लाभ संबंधित अधिकार मिले हैं। संगोष्ठी में उपरोक्त के अलावा लक्षिता सातपुते, पूनम मालवी, कन्हैया अमरूते, सतीष सलामे, वर्षा रावत, बाल किशोर अमरूते, काजल मालवी, रानी खवसे, रिया धिडोडे, दीक्षा चौकीकर ने भी अपने विचार प्रकट किए। पूनम पांसे, ललनी साहू, लक्ष्मण, नितिका, श्रेजल, देवासीस, प्रियंका, संजय उईके, हिमांशु पाटिल, ज्योति मालवी, काजल मालवी, अरूण धर्वे ने सक्रिय सहयोग दिया। अंत में योगेश्वर पहाड़े एवं अंजली सोनारे ने आभार व्यक्त किया।


Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt. PG College
Betul, MP
21.07.2023 18:17:21

## Anti- Terrorism Day NSS 21/05/2021

# आतंकवाद और हिंसा किसी भी समस्या का समाधान नहीं, परिचर्चा संपन्न

**जेएच ई न्यूज, बैतूल।** 21 मई को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि (आतंकवादी विरोध दिवस)के अवसर पर जेएच कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में परिचर्चा संपन्न हुई। परिचर्चा प्राचार्य डॉ.विजेता चौबे के मार्गदर्शन में जिला संगठक रासेयो डॉ.सुखदेव डोंगरे, कार्यक्रम अधिकारी डॉ.जीपी साहू डॉ.प्रतिभा चौरे, के निर्देशन में संपादित की गई।

जिसमें पुरुष इकाई दलनायक योगेश्वर पहाड़े सहित 46 स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। 21 मई को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर डॉ.सुखदेव डोंगरे द्वारा अहिंसा और सहनशीलता परंपरा पालन की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर डॉ.विजेता चौबे ने कहा कि आंतकवाद और हिंसा से पूरा विश्व त्रस्त है। डॉ.सुखदेव डोंगरे ने कहा कि युद्ध नहीं बुद्ध चाहिए जिसमें करूणा, मैत्री समाहित हो। डॉ.गोपाल प्रसाद साहू ने कहा कि आतंकवाद और हिंसा किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। डॉ.साहू ने कहा कि इस कोरोना काल में एनएसएस के स्वयंसेवक वैक्सीन टीकाकरण, मास्क, सोशल डिस्टेंस आदि जागरूकता कार्यक्रम चला रहें हैं। डॉ.प्रतिभा चौरे ने कहा कि भारत जैसे शांति के टापू में हिंसा और आतंकवाद के लिए जगह नहीं है। एनएसएस के सरिता चोटेल, वर्षा राव, बालकिशोर अमरूते, दुर्गेश कुमरे, लक्षिता सातपुते, माधुरी आर्य, सतीष सलामें ने भी आतंकवाद पर अपने विचार प्रकट किए। परिचर्चा का संचालन संजय इवने ने व आभार योगेश्वर पहाड़े ने व्यक्त किया। इस अवसर पर कमले कुमरे, आकाश अजनेरे, अक्षय मालवी, चंद्रशेखर राठौर, सानिया साहू, दीक्षा चौकीकर, ज्योति मालवीय, श्रद्धा गाडगिल, वर्षा रावत, ज्योति शर्मा, हिमांशु पाटिल, अरूणा धुर्वे, का सराहनीय योगदान रहा।





Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt. PG College
Betul, MP
21.07.2023 18:17:21

**Buddha Jayanti NSS 26/05/2021**

# बुद्ध की शिक्षाओं ने भारत को विश्व गुरू बनाया: दुर्गादास उईके

## डॉ. योगेश पंडाग्रे ने कहा- बुद्ध की शिक्षा को आत्मसात करते हुए कोरोना संक्रमण की जंग को जीतना है




**जेएच ई न्यूज, बैतूल ।** महाकारूनिक तथागत बुद्ध की 2565वीं जयंती के अवसर पर नेशनल वर्चुअल कान्फ्रेंस मुख्य अतिथि सांसद दुर्गादास उईके, विशेष अतिथि विधायक आमला डॉ. योगेश पण्डाग्रे, मिलिन्द बौद्ध भोपाल, जयपालन सिंह आर्य मुम्बई, डॉ. मुनेष कुमार कानपुर, प्रो. महेन्द्र गिरि तामिया, जसवंत सिंह कैलाशिया रायपुर, डॉ. प्रमिला वाधवा, डॉ. अल्का पाण्डे, डॉ. नीलकंठ यावलकर वरुड़, प्रो. गंगाधर दवंडे वरूड़, जेएच कॉलेज बैतूल के संयोजक डॉ. सुखदेव डोंगरे की उपस्थिति में आयोजित की गई। कुल 198 उपासक-उपासिकाओं ने सहभागिता की। त्रिशरण, पंचशील, बुद्ध वन्दना का सामूहिक पाठ विनय रक्षित भन्ते महाथेरो द्वारा कराया गया। नेशनल कान्फ्रेंस में सांसद दुर्गादास उईके ने कहा बुद्ध की शिक्षाओं ने भारत को विश्व गुरू बनाया। अनेक देशों के लोग भारत में बुद्ध की धरती की ओर प्रातः नमन करते हैं। डॉ. योगेश पण्डाग्रे ने कहा बुद्ध की शिक्षा एवं उपदेशों को आत्मसात करके हम कोरोना वायरस महामारी पर विजय प्राप्त कर सकते हैं। मिलिंद बौद्ध ने कहा भगवान बुद्ध ने दुःख निवारण का अष्टांगिक मध्यम मार्ग दिया है। डॉ. हर्षलता सोनटक्के ने बताया विश्व में लगभग 20 देशों का राष्ट्रीय बौद्ध धर्म बताया। कई देशों में 55 से 90 प्रतिशत लोग बौद्ध धर्म को मानते हैं।

डॉ. मुनेष कुमार ने बताया विश्व में विकसित और शक्तिशाली देश बुद्धिष्ट ही देश है। डॉ. सुखदेव डोंगरे ने कहा बुद्ध की प्रज्ञा, शील, करूणा एवं मैत्री आत्मसात करने योग्य है। इसी प्रकार उन्होंने कोरोना महामारी से स्वयं को और दूसरों को बचाने के लिए गाइड लाइन का पालन करने की भी सभी से अपील की। इस दौरान कोरोना अनुकूलन व्यवहार एवं डब्ल्यूएचओ की गाइडलाइन का पालन करने का भी संदेश दिया गया।

एडव्होकेट नामदेव नागले, महेन्द्र सिंह उईके, डीडी लोखण्डे, डॉ. संतोष कापसे, डॉ. राजेश मेश्राम, डॉ. चन्द्रशेखर मेश्राम, मुकेश शेषकर, प्रो. केएस सिसोदिया, उर्मिला उबनारे, प्रो. अमित सातनकर द्वारा भगवान बुद्ध की शिक्षाओं के बारे में अपने विचार प्रकट किए। मंच संचालन गुंजन डोंगरे एवं आभार प्रकट गरिमा डोंगरे द्वारा किया गया। नेशनल कान्फ्रेंस को सफल बनाने में देवेन्द्र नागले, प्रो. प्रदीप पंद्राम, प्रो. मनोज घोरसे, यशवन्त शेषकर, पीआर पाटिल, अनिल गोयर, पुष्पा पटेल, योगेश्वर पहाड़े, डॉ. याशमिन जिया, डॉ. सरोज पाटिल, यशवंत राव नागले, महेन्द्र हरियावले, डॉ. सरिता मेश्राम, मंदाकनी पाटिल, भागरती डोंगरे, डॉ. रितु चौहान, मधु हुरमाड़े, डॉ. एलएल राउत ने सक्रिय सहयोग दिया।

Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt. PG College
Betul, MP
21.07.2023 18:17:21

## World No Tobacco Day NSS 31/05/2021

# निरोगी सुख चाहते हो तो तम्बाकू छोड़ो: डॉ.सुखदेव डोंगरे

## विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर भाषण प्रतियोगिता संपन्न



जेएच न्यूज, बैतूल। जेएच कॉलेज बैतूल में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार प्राचार्या डॉ.विजेता चौबे के मार्गदर्शन मे राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर एनएसएस के जिला संगठक डॉ.सुखदेव डोंगरे द्वारा तम्बाकू से बनी वस्तुएं बीड़ी, सिगरेट, जर्दा, पानमसाला, गुटका न खाने की शपथ दिलाई। जिसमें 45 स्वयंसेवकों ने सहभागिता की।

भाषण प्रतियोगिता में 10 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया जिसमें प्रथम सरिता चोटेले, द्वितीय माधुरी आर्य, तृतीय कन्हैया अमरूते रहे। डॉ.सुखदेव डोंगरे ने कहा कि निरोगी सुख पाने के लिए तम्बाकू छोड़ना जरूरी है। उन्होने कहा कि 16वीं शताब्दी में तम्बाकू पुर्तगाल से आई थी। संजय उइके ने कहा कि भारत में मजदूर वर्ग तम्बाकू का बहुत अधिक सेवन करते हैं जो बहुत ही हानिकारक है। दलनायक योगेश्वर पहाड़े ने कहा कि तम्बाकू में निकोटिन पदार्थ मनुष्य के शरीर को नुकसान पहुंचाता है। उपदलनायक दुर्गेश कुमरे ने कहा पहली बार मनुष्य धुम्रपान शौक के रूप में करता है फिर उसकी लत पड़ जाती है। सरिता चोटेले ने कहा कि भगवान बुद्ध के अनुसार मन में दृढ़ संकल्प से कोई भी व्यसन छोड़ा जा सकता है। ऑनलाईन जूम एप पर सेमीनार का संचालन कविता वाड़बूदे ने व आभार दीक्षा चौकीकर ने व्यक्त किया। सेमीनार को सफल बनाने में नंदनी सोनी, अमित मालवी, निधि सुजाने, वर्षा रावत, निलेश भूसूमकर, हिमांशु पाटिल, जुबेर शेख, चंद्रशेखर राठौर, अरूणा धुर्वे, ज्योति मालवी, सीमा पाटिल, विजया गायकवाड़ का सरहानीय योगदान रहा।

Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt. PG College
Betul, MP
21.07.2023 18:17:21

राष्ट्रीय जनादेश खबरें आसपास

बैतूल, गुरूवार 01 जून, 2017

# तम्बाकू निषेध के प्रति जागरूक हो युवा : डॉ. तिवारी



बैतूल। जेएच कॉलेज में तम्बाकू निषेध के अवसर पर प्राचार्य डॉ. राकेश तिवारी द्वारा छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति का संकल्प दिलवाया। इस मौके पर डॉ. तिवारी ने कहा कि तम्बाकू के दुष्परिणाम मेडिकल साईस द्वारा प्रमाणित है। इससे युवाओं को बचना चाहिए, तम्बाकू का सेवन बहुत बड़ी संख्या में भारतीय करते हैं जो कि बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होने कहा कि तम्बाकू निषेध के लिए युवाओं को स्वयं जागरूक होना होगा और दूसरों को भी करना होगा।

इस मौके पर प्रो. सलील दुबे, प्रो. अशोक दाबाड़े, डॉ. खेमराज मगरदे, डॉ. प्रगति डोंगरे, डॉ. सुखदेव डोंगरे, प्रो. राने, डॉ. कमलेश अहिरवार, अमित ठाकुर, रिंकु पाटिल, विजय सिंह ठाकुर, अनवर कुरैशी, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक हर्षलता झरबड़े, स्नेहल सिकरवार, दुर्गेश साहू, सोमचंद साहू, निलेश चढ़ोकार, प्रवीण परिहार सहित एनसीसी के केडिट मौजूद थे।

Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt. PG College
Betul, MP
21.07.2023 18:17:21

## International Yoga Day Department of Botany 01/06/2021



# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर ऑनलाइन योगाभ्यास कराया

जेएच ई न्यूज, बैतूल। जेएच कॉलेज बैतूल में मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग भोपाल एवं प्रमुख सचिव मध्यप्रदेश शासन आयुष विभाग के आदेश के परिपालन में प्राचार्य डॉ. विजेता चौबे के मार्गदर्शन में शासन की मंशानुसार अपने-अपने घर में योगाभ्यास एवं मेडिटेशन होना चाहिए इस उद्देश्य से वनस्पति शास्त्र की विभागाध्यक्ष डॉ. अल्का पांडे द्वारा प्रातः 7 से 8 बजे तक प्राचार्या, प्राध्यापक, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों की कुल 78 की सहभागिता में ऑनलाइन जूम एप पर योगाभ्यास करवाया।

प्राचार्या डॉ. विजेता चौबे द्वारा सभी सहभागीजनों को शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की। बॉयोटेक्नालॉजी विभाग की डॉ. निहारिका भावसार द्वारा बॉयोटेक्नालॉजी के विभागाध्यक्ष डॉ. सुखदेव डोंगरे की उपस्थिति में बैतूल शहर के जनमानस प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों को ऑनलाइन जूम एप पर प्रातः 8.20 से 9.20 तक योगाभ्यास एवं मेडिटेशन कराया गया। डॉ. सुखदेव डोंगरे ने बताया कि डॉ. निहारिका भावसार विगत दो माह से शहर के जनमानस को कोरोना से लड़ने के लिए योगाभ्यास एवं मेडिटेशन करवा रही हैं। योगाभ्यास में एनसीसी और एनएसएस के विद्यार्थी भी सहभागिता निभा रहे हैं। जिले के कुल 5 हजार 500 की संख्या में योगाभ्यास कराया जा चुका है। योगाभ्यास और मेडिटेशन करवाने में डॉ. कमलेश अहिरवार, डॉ. गोपाल साहू, डॉ. प्रतिभा चौरे, डॉ. खुशाल देवघरे, दलनायक योगेश्वर पहाड़े और अंजली सोनारे का सक्रिय सहयोग रहा।





Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt. PG College
Betul, MP
21.07.2023 18:17:21

## International Drug Prohibition Day NSS 26/06/2021



# अंतरराष्ट्रीय नशा निवारण दिवस मनाया

## ऑनलाइन भाषण प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने लिया भाग

**जेएच ई न्यूज बैतूल।** जेएच कॉलेज बैतूल द्वारा संचालक सामाजिक न्याय कल्याण संचालनालय एवं जिला बैतूल कलेक्टर के आदेश के परिपालन में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में प्राचार्या डॉ. विजेता चौबे एवं जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे की उपस्थिति में अंतरराष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर मादक पदार्थों का उपयोग ना करने की सामूहिक शपथ ली एवं नशीले पदार्थों के दुरूपयोग एवं अवैध व्यापार के विरुद्ध जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की गई।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सरिता चौटेले एवं लक्षिता सातपुरे, द्वितीय बालकिशोर अमरूते, तृतीय स्थान माधुरी आर्य ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का मंच संचालन पूनम मालवीय तथा आभार प्रदर्शन दलनायक योगेश्वर महाड़े ने किया। प्राचार्या डॉ. विजेता चौबे ने कहा नशीले पदार्थों का उपयोग करके कई परिवार बर्बाद हो चुके हैं। शराब से दूर रहने में ही भलाई है। डॉ. सुखदेव डोंगरे ने कहा नशीले पदार्थों के उपयोग से धन हानि, कलह होना, रोग की संभावना, दुश चरित्रता, भद्दी नग्नता, बुद्धि की हानि होती है। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा सरीता चौटेले ने कहा नीशले पदार्थों का व्यापार भी नहीं करना चाहिए जिससे समाज को नुकसान होता है।

कार्यक्रम में ईशान खान, कन्हैया अमृते, कीर्ति झरबड़े, विकास कवड़े, जुबेर शेख, अमृता धुर्वे, दीपिका आहके, शनी पवार, अमोल सहाने, दुर्गेश कुमरे, नवीन नागले, हिमांशु पाटिल, भारती धर्मे, हिमांशी खोबरे, पूजा लिल्होरे, आकाश अंजरे, लक्ष्मण प्रजापति, दीपक अहाके ने सहभागिता की एवं सक्रिय सहयोग दिया।

■ प्राचार्य - डॉ. विजेता चौबे ■ संपादक - डॉ. सुखदेव डोंगरे ■ सह संपादक -

Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt. PG College
Betul, MP
21.07.2023 18:17:21

**International Yoga Day (International Day against Drug Abuse) Department of Botany 21/06/2019**






Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt. PG College
Betul, MP
21.07.2023 18:17:21

## Induction Program College 17/09/2019









Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt. PG College
Betul, MP
21.07.2023 18:17:21

## Yuva Utsav (Youth Festival College 30/09/2019 & 01/10/2019





ज.हा.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बैतूल(म.प्र.)
महाविद्यालय स्तरीय युवा उत्सव 2019-20

Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt PG College
Betul, MP
21.07.2023 18:17:21

# Cancer Day NSS
# 04/02/2019

## विश्व कैंसर दिवस पर संगोष्ठी संपन्न

टीएनएन/बैतूल। जयवंती हॉक्सर शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय बैतूल में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर संगोष्ठी प्राचार्य डॉ. विजेता चौबे के मार्गदर्शन एवं जिला संगठक एवं बॉयोटेक्नालॉजी के विभागाध्यक्ष डॉ. सुखदेव डोंगरे, वनस्पति शास्त्र की विभागाध्यक्ष डॉ. अल्का पांडे की उपस्थिति में संपन्न हुई। डॉ. अल्का पांडे ने कहा बाहरी तत्व के उद्दीपन से जैसे शराब, इन्सेक्टीसाइड, पेस्टिसाइड से होता है। प्रारंभिक अवस्था में कैंसर ठीक किया जा सकता है। लक्ष्मीतरू के पौधे की पत्ति कैंसर के इलाज में बहुत ही उपयोगी होती है। डॉ. सुखदेव डोंगरे ने कहा बाहरी उद्दीपन के कारण शरीर में कोशिकाओं के अनियंत्रित गति से कोशिका विभाजन के कारण कैंसर होता है। विश्व में प्रति वर्ष लगभग दो करोड़ मनुष्यों की मौत कैंसर से होती है। इसलिए कैंसर प्रोटेक्शन एवं उसके लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाना आवश्यक है। कार्यक्रम में छात्रा पायल मालवीय, रिया धिडोडे ने भी कैंसर पर अपने विचार व्यक्त किए। कैंसर जागरूकता संगोष्ठी कार्यक्रम में प्रवीणा लिखितकर, मोनिका धुर्वे संजय उईके, दुर्गेश कुमरे का सक्रिय योगदान रहा।

**Pratibha-Parva 01.01.2019**




Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt. PG College
Betul, MP
21.07.2023 18:17:21

## Surya Namaskar Department of Botany 12/01/2019

कार्यालय प्राचार्य, ज.हा.शासकीय स्नातकोत्तर
महाविद्यालय बैतूल, (म.प्र.) 460001
दूरभाष क्र. 07141–234244 (कार्यालय), 07141–234566 (फैक्स)
e-mail : hegjhpgcbet@mp.gov.in

दिनांक 12.01.2019

**ज.हा.शासकीय महाविद्यालय में सूर्य नमस्कार का आयोजन हुआ**

स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस "युवा दिवस" पर आज ज.हा.शासकीय महाविद्यालय में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य प्रो. उषा द्विवेदी व प्राचार्य डॉ.राकेश तिवारी द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। प्रो.खेमराज मगरदे ने स्वामीजी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। रेडियो–प्रसारण द्वारा राष्ट्रगीत व म.प्र.गायन व माननीय मुख्यमंत्रीजी के संदेश प्रसारण के पश्चात् सूर्य नमस्कार व प्राणायाम का संचालन किया गया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. अलका पांडे ने सूर्य नमस्कार के संचालन में सहयोग व प्रदर्शन छात्रा कु. श्रृद्धा साहू द्वारा किया गया। राष्ट्रगान के पश्चात् मुख्य अतिथि प्रो.उषा द्विवेदी ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को योग के महत्व से अवगत करवाते हुये प्रतिदिन सूर्य नमस्कार करने हेतु संकल्प दिलवाया। डॉ.राकेश तिवारी ने भारतीय दर्शन एवं विवेकानन्दजी द्वारा प्रदत्त जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला तथा सामाजिक समरसता, अखण्डता एवं विश्वबंधुत्व के सम्बन्ध में अपने विचार प्रस्तुत किये। छात्र जंगल्या नागले द्वारा स्वामीजी के विचारों पर आधारित कविता पाठ किया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक कर्मचारी एवं भारी संख्या मे छात्र–छात्राओं ने भाग लिया (लगभग 200)। आभार प्रदर्शन डॉ. बी.आर.खातरकर द्वारा किया गया।

जिला समन्वयक
व्यक्तित्व विकास प्रकोष्ठ
ज.हा.शास.स्ना.महाविद्यालय बैतूल
मोबा.नं. 9425003293

(डॉ.राकेश तिवारी)
प्राचार्य
ज.हा.शास.स्ना.महाविद्यालय बैतूल





Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt. PG College
Betul, MP
21.07.2023 18:17:21

## 150th Birth Anniversary of Mahatma Gandhi
## 03/10/2019






Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt. PG College
Betul, MP
21.07.2023 18:17:21

## International Yoga Day Department of Botany 21/06/2018








Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt. PG College
Betul, MP
21.07.2023 18:17:21

## Palak Sammelan College 17/11/2018








Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt. PG College
Betul, MP
21.07.2023 18:17:21








Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt. PG College
Betul, MP
21.07.2023 18:17:21

## ज.हा.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैतूल
## मतदाता जागरूकता अभियान
## "पालक सम्मेलन" दिनांक 17.11.2018

मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत दिनांक 17.11.2018 को पालक सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन की थीम "दीप से दीप जले" रखी गई।

सम्मेलन में आने वाले पालकों का छात्राओं द्वारा तिलक लगाकर एवं पुष्प वर्षाकर स्वागत किया गया। प्राचार्य डॉ.राकेश तिवारी ने मतदाता जागरूकता दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

छात्राओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर सभी पालकों व प्राध्यापकों का स्वागत किया। डॉ.राकेश तिवारी ने उपस्थित पालकों से शत–प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को पूर्ण करने का संदेश दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुये समिति सदस्य डॉ. मीना डोनीवाल ने ग्रामीण अंचल से आये हुये पालकों को व्ही.व्ही.पेट की पारदर्शिता एवं वृद्ध, दिव्यांग व गर्भवती महिलाओं को मतदान केन्द्र पर मतदान के लिये मिलने वाली सुविधाओं से अवगत कराया।

उपस्थित पालक मतदाताओं ने अपने दीप से बगल में बैठे अगले मतदाता के दीप को जलाकर दीपों की श्रृंखला बनाई। कार्यक्रम की संयोजक डॉ.अलका पांडे ने "दीप से दीप जले" थीम को मतदाता जागरूकता से सम्बद्ध करते हुये इस दीपोत्सव के माध्यम से आव्हान किया कि समस्त पालक अपने सम्पर्क में आने वाले हर मतदाता को मतदान हेतु प्रेरित कर इस दीप श्रृंखला को आगे बढ़ाकर शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को पूर्ण करें। राजनीति शास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. धर्मेन्द्र कुमार ने पालकों से स्वप्रेरणा से मतदान करने की गुजारिश की और साथ ही नोटा के बारे में भी जानकारी दी। डॉ.रमाकांत जोशी ने कहा आज दीपावली जैसा उत्सव का माहौल प्रतीत हो रहा है। 28 नवम्बर 2018 मतदान दिवस को भी उत्सव के रूप में मनायें और इसी उल्लास से सभी अपनी भागीदारी सुनिश्चत करें।

इस अवसर पर छात्राओं द्वारा महाविद्यालय परिवार की ओर से पालकों को स्वनिर्मित, आकर्षक निमंत्रण पत्र भेंट कर 28 नवम्बर को अनिवार्य रूप से अपने मतदान केन्द्र पहुंचकर मतदान करने की अपील की।

कार्यक्रम में माइक्रोबायोलाजी की छात्रा निहारिया गोहर द्वारा आकर्षक नृत्य एवं दित्या एवं दीप्ति नांदुलकर द्वारा रांगोली के माध्यम से मतदाताओं को मतदान हेतु जागृत किया। जिले के विभिन्न गांवों, भैसदेही, भीमपुर, खेड़ी सांवलीगढ़, चिचोली, आठनेर व बैतूल बाजार तथा बैतूल से लगभग 100 पालक, सम्मेलन में उपस्थित हुये। पालकों ने भी अपने विचार व्यक्त किये व मतदान करवाने की जिम्मेदारी ली।

छात्रा अल्विरा–अंजुम ने भी सभी पालकों से शत्–प्रतिशत मतदान का लक्ष्य पूरा करने में अपने सहयोग देने की अपील की।

कार्यक्रम की अध्यक्ष डॉ.विजेता चौबे ने कार्यक्रम में प्रयुक्त नवाचारों की प्रशंसा करते हयु आग्रह किया कि महिलायें शत प्रतिशत मतदान की जिम्मदारी ले। डॉ.गोपाल साहू द्वारा पालकों को व्ही.व्ही.पेट एवं ईवीएम से दिखावटी मतदान की प्रक्रिया से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम का संचालन कु. रोशनी कनाठे व आभार प्रर्दशन समिति सदस्य प्रो. अर्चना सोनारे द्वारा किया गया। आयोजन में माइक्रोबायोलाजी विभाग की छात्राओं ने सहयोग किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पालकों के साथ महाविद्यालय परिवार से डॉ.पुष्पारानी आर्य, प्रो.सलिल दुबे, प्रो.बी.आर. खातरकर, डॉ.अनिता सोनी, डॉ.रमाकांत जोशी, डॉ.मीनाक्षी चौबे, डॉ.सुखदेव डोंगरे, प्रो.अशोक कदवाने व अतिथि विद्वान उपस्थित थे।

19.11.18
(डॉ.अलका पांडे)
संयोजक

(डॉ.राकेश तिवारी)
प्राचार्य

Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt. PG College
Betul, MP
21.07.2023 18:17:21

# नवदुनिया सिटी

## मुलताई–सारणी–आमला–भैंसदेही

भोपाल, रविवार 18 नवंबर 2018

# कॉलेज में अभिभावकों को बताया मतदान का महत्व

### जेएच कॉलेज में जागरूकता को लेकर पालक सम्मेलन हुआ

बैतूल। नवदुनिया प्रतिनिधि

जेएच कॉलेज में मतदाता जागरूकता को लेकर पालक सम्मेलन दीप से दीप जले थीम को लेकर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में दीपावली के दीपों के एक बार फिर से जलाकर समृद्धि करना व देश के प्रजातंत्र को वोट देकर और मजबूत करने की बात कही। सभी पालकों के हाथों में मोमबत्ती देकर उन्हें प्रज्ज्वलित किया गया।

इस अवसर पर एक सैकड़ा से ज्यादा पालक मौजूद थे। प्राचार्य डॉ. राकेश तिवारी ने कहा कि मतदान हम सबकी जिम्मेदारी है आप मतदान करें, परिजनों और आस-पास के लोगों से भी करवाएं। मतदान हमारा राष्ट्रीय दायित्व है। कार्यक्रम में पालकों को ईवीएम वीवी पेट मशीन का प्रदर्शन कर दिखाया और समझाया गया। इस अवसर पर स्वीप प्लान सहसंयोजक डॉ.एसडी डोंगरे, कार्यक्रम संयोजक डॉ.अल्का पांडे, सदस्य डॉ.मीना डोनीवाल, प्रो. अर्चना सोनारे, डॉ.विजेता चौबे, डॉ.पुष्पारानी आर्य, डॉ.धर्मेन्द्र, डॉ. रमाकांत जोशी, डॉ.अर्चना मेहता, डॉ. मिनाक्षी चौबे, प्रो.मुकुंद चंदेल, डॉ. जीपी साहू, कैंपस एंबेसडर ललित तायवाड़ेसहितबड़ीसंख्यामेंछात्र-छात्राएं मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन रोशनी कनाठे ने किया।

# बैतूल भास्कर

17·11·2018

### जेएच कॉलेज में पालक सम्मेलन आज

बैतूल| जेएच कॉलेज में शनिवार को मतदाता जागरूकता के लिए पालक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। प्रोफेसर डॉ. मीना डोनीवाल, डॉ. अल्का पांडे ने बताया मतदाता जागरूकता के तहत दीप से दीप जले कार्यक्रम में पालक सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन में शहरी क्षेत्र के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र-छात्राओं के पालकों को भी आमंत्रित किया है।

### दीप से दीप जलाकर लिया मतदान करने का संकल्प

बैतूल| जेएच कॉलेज में शनिवार को मतदाता जागरूकता के लिए दीप से दीप जले कार्यक्रम के तहत पालक सम्मेलन का आयोजन किया। सम्मेलन में पालकों, विद्यार्थियों एवं कॉलेज स्टाफ ने दीप से दीप जलाए और मतदान करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. अल्का पांडे ने बताया दीप से दीप जले कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य राकेश तिवारी ने दीप प्रज्वलन कर की। कार्यक्रम में पालकों को मतदान के लिए प्रेरित कर इस दीप शृंखला को बढ़ाकर शतप्रतिशत मतदान के लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया।

18·11·2018

Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt. PG College
Betul, MP
21.07.2023 18:17:21

**Varshik Sneh Sammelan College**
**12/03/2018**







Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt. PG College
Betul, MP
21.07.2023 18:17:21







Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt. PG College
Betul, MP
21.07.2023 18:17:21







Principal - Dr. Vijeta Choubey

Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt. PG College
Betul, MP
21.07.2023 18:17:21




कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश

सतपुड़ा भवन, भोपाल–462004

क्रमांक 187 / 251 / आउशि / शाखा 5'अ' / 2019, भोपाल, 12-02- 2020

प्रति,

1. समस्त क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा, म.प्र.।
2. समस्त प्राचार्य, शासकीय / अशासकीय महाविद्यालय, म.प्र.।

विषयः माननीय मंत्रीजी उच्च शिक्षा म.प्र. से प्राप्त पत्रों / टीपों पर कार्यवाही के संबंध में।

संदर्भः अवर सचिव, म.प्र. शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय भोपाल के पत्र क्र. एफ 23–16 / 2019 / 38–2, दिनांक 25.01.2020

–0–

उपरोक्त संदर्भित पत्र के संबंध में लेख है कि महाविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया के उपरान्त कक्षाओं में विद्यार्थियों की उपस्थिति दिन–प्रतिदिन कम होती जाती है। महाविद्यालयों में विद्यार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित किये जाने एवं उसकी निगरानी को लेकर एक चरणबद्ध मासिक समीक्षा के साथ–साथ शिक्षक–अभिभावक समिट का आयोजन सुनिश्चित कराया जाए ताकि महाविद्यालयों में विद्यार्थियों की सतत उपस्थिति को बढ़ावा दिया जा सके।

निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए, की गई कार्यवाही से अकादमिक शाखा के ईमेल academy-he@mp.gov.in पर समेकित जानकारी दिनांक 20 फरवरी 2020 तक संभागवार भेजा जाना सुनिश्चित कराया जाए।

(डॉ. आलोक निगम)
विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी
उच्च शिक्षा मध्य प्रदेश

पृ0क्रमांक 188 / 251 / शाखा–5'अ' / आउशि / 2019 भोपाल, दिनांक 12-02- 2020

प्रतिलिपिः

1. निज सहायक, आयुक्त, उच्च शिक्षा, म.प्र. सतपुड़ा भवन, भोपाल।
2. अवर सचिव, म.प्र. शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय भोपाल वर्णित पत्र के संदर्भ में सूचनार्थ प्रेषित।

विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी
उच्च शिक्षा मध्य प्रदेश

Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt. PG College
Betul, MP
21.07.2023 18:17:21

## कार्यालय प्राचार्य, ज.हा.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैतूल, (म.प्र.) 460001

दूरभाष क्र. 07141–234244 (कार्यालय), 07141–234566 (फैक्स)
e-mail : hegjhpgcbet@mp.gov.in

क्रमांक 2719 / शिक्षक अभिभावक / 2020 / बैतूल, दिनांक 24/2/20

### कार्यालयीन आदेश

आयुक्त उच्च शिक्षा म.प्र.शासन भोपाल के पत्र 187 / 251 / आउशि / शाखा 5अ / 2019 दि0 12.02.2020 के निर्देशानुसार महाविद्यालयों में प्रवेश उपरांत कक्षाओं में विद्यार्थियों की उपस्थिति दिन–प्रतिदिन कम होने के संबंध में महाविद्यालयों में विद्यार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित किये जाने एवं उसकी निगरानी को लेकर एक चरणबद्ध मासिक समीक्षा के साथ–साथ शिक्षक–अभिभावक समिट का आयोजन सुनिश्चित करने जिससे विद्यार्थियों की उपस्थिति को बढावा दिया जा सके। उक्त संबंध में निम्नानुसार समिति का गठन किया जाता है –

| | | |
|---|---|---|
| 1. | डॉ.अलका पांडे, प्राध्यापक वनस्पतिशास्त्र – | संयोजक |
| 2. | डॉ.सलिल दुबे, सहायक प्राध्यापक भौतिक – | सदस्य |
| 3. | प्रो.जी.आर.राने, सहा0प्रध्यापक वाणिज्य – | सदस्य |
| 4. | डॉ.सुखदेव डोंगरे, प्राध्यापक प्राणीशास्त्र – | सदस्य |
| 5. | प्रो.मुकुन्द चन्देल, सहा.प्रा0इतिहास – | सदस्य |
| 6. | डॉ.मीना डोनीवाल, सहा0प्राध्यापक – | सदस्य |
| 7. | प्रो.राजेश शेषकर, सहा0प्रा0वाणिज्य – | सदस्य |
| 8. | प्रो.मनोज घोरसे, सहा0प्राध्यापक रसायनशास्त्र– | सदस्य |

(डॉ.विजेता चौबे)
प्राचार्य
ज.हा.शास.स्ना.महाविद्यालय,बैतूल

पृ0क्रमांक 2720 / शिक्षक अभिभावक / 2020 / बैतूल, दिनांक 24/2/20
प्रतिलिपि –
समस्त संबंधित प्रो. / डॉ. ........................................ की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(डॉ.विजेता चौबे)
प्राचार्य
ज.हा.शास.स्ना.महाविद्यालय,बैतूल

# बैतूल पत्रिका

घोड़ाडोंगरी . प्रभात पट्टन . भौरा . आमला . शाहपुर . भैंसदेही . पाथाखेड़ा . आठनेर . चिचोली

पत्रिका . होशंगाबाद, गुरुवार ,27 फरवरी, 2020
patrika.com

### कॉलेज में अभिभावक सम्मेलन कल

बैतूल @ पत्रिका. जयवंती हॉक्सर महाविद्यालय में 28 फरवरी को अभिभावक सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन में विद्यार्थियों की महाविद्यालय में उपस्थिति एवं अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। प्राचार्य डॉ. विजेता चौबे ने बताया कि अभिभावक सम्मेलन में अभिभावकों से सीधा संवाद किया जाएगा। उन्होंने महाविद्यालय में अध्ययनरत समस्त नियमित विद्यार्थियों के अभि भावकों से सम्मेलन में सम्मिलित होने का आग्रह किया है।

# पत्रिका बैतूल जिला

पत्रिका . होशंगाबाद, शुक्रवार , 28 फरवरी, 2020

### शिक्षक-अभिभावक सम्मेलन आज

बैतूल. उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार जयवंती हॉक्सर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैतूल में विद्यार्थियों की महाविद्यालय में उपस्थिति एवं अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करने हेतु 28 फरवरी शुक्रवार को दोपहर एक बजे स्वामी विवेकानंद सभागृह में शिक्षक-अभिभावक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। प्राचार्य डॉ. विजेता चौबे ने महाविद्यालय में अध्ययनरत समस्त नियमित विद्यार्थियों के अभिभावकों से इस सम्मेलन में सम्मिलित होकर इसे सफल बनाने का आग्रह किया है।

Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt. PG College
Betul, MP
21.07.2023 18:17:21

कार्यालय प्राचार्य, ज.हा.शासकीय स्नातकोत्तर
महाविद्यालय बैतूल, (म.प्र.) 460001
दूरभाष क्र. 07141–234244 (कार्यालय), 07141–234566 (फैक्स)
e-mail : hegjhpgcbet@mp.gov.in

**प्रतिवेदन**
**शिक्षक अभिभावक सम्मेलन**
**28.02.2020**

म.प्र.शासन के निर्देशानुसार ज.हा.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैतूल में प्राचार्य **डॉ. विजेता चौबे** की अध्यक्षता में शिक्षक–अभिभावक सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बैतूल शहर के अलावा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी अभिभावक उपस्थित थे। कार्यक्रम की संयोजक **डॉ.अल्का पांडे** ने महाविद्यालय में संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी देते हुये उपस्थित अभिभावकों एवं विभागाध्यक्षों के सम्मुख सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य "कक्षाओं में विद्यार्थियों की घटती उपस्थिति" विचार मंथन हेतु रखा। संचालन कर रही **डॉ.मीना डोनीवाल** ने अभिभावकों को अपने विचार रखने हेतु आमंत्रित किया।

अभिभावक **सुजीत कुमार वर्मा** ने सुझाव दिया कि पालकों का वाट्सअप ग्रुप बनाकर महाविद्यालय की समस्त शैक्षणिक एवं शैक्षणेत्तर गतिविधियों की जानकारी प्रेषित की जाना चाहिये। मुलताई से पधारे श्री **धनराज पवांर** ने कहा कि पालकों एवं शिक्षकों के बीच समय–समय पर संवाद होते रहना चाहिये। श्री **एस.आर गायकवाड़** ने कहा कि पालकों को भी अपने बच्चों की गतिविधियों पर निरन्तर निगरानी रखनी चाहिये। खेड़ी सांवलीगढ़ से आये श्री **बी.आर.पवांर** ने सुझाव दिया कि पालक अपने बच्चों को मोबाइल के उचित प्रयोग के प्रति सचेत करें, और शिक्षकों से समय समय पर सम्पर्क कर अपने पाल्य की जानकारी लेते रहें। पालक रतन नागले, सदर निवासी ने कहा कि इस तरह के सम्मेलन प्रतिमाह आयोजित होने चाहिये, जिससे विद्यार्थियों की गतिविधियों से पालक अवगत हो सके। मौतिक शास्त्र एम. एस.सी. की **छात्रा करूणा मासोदकर** ने कहा कि यद्यपि आज की संचार क्रांति के युग में ज्ञान प्राप्ति के अनेक साधन विद्यमान है किन्तु व्यवहारिक ज्ञान प्राप्ति के लिये विद्यार्थी को गुरू के संपर्क मे आना ही पड़ेगा। मेरी महाविद्यालय में नियमित उपस्थिति का ही प्रतिफल है कि मुझे महाविद्यालय की ओर से छात्र–संसद में भाग लेकर प्रधानमंत्रीजी से मिलने का सुअवसर प्राप्त हुआ। माइक्रोबायोलाजी की छात्रा **कु. आरती मोहबे** ने कहा कि प्रायोगिक ज्ञान तो कक्षाओं में नियमित रूप से आने पर ही मिल सकता है, मैं महाविद्यालय में नियमित रूप से कक्षाओं में उपस्थित रहती हूँ व समय समय पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में भी शामिल होती हूँ। उसी का नतीजा है कि दैनिक भास्कर द्वारा आयोजित कार्यक्रम

अभिभावकों की उपस्थिति संकेत दे रही है कि भविष्य में महाविद्यालयों में भी शिक्षक अभिभावक संवाद आवश्यक है। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में **डॉ.विजेता चौबे** ने पालकों को आश्वासन दिया कि आपकी तरफ से जो सुझाव आये है उनका पालन किया जायेगा। प्रति 100 विद्यार्थियों पर एक शिक्षक निर्धारित कर उन्हें वाट्सअप ग्रुप से जोडा जायेगा। साथ ही उन्होंने पालको से निवेदन किया कि वे भी अपने बच्चों को महाविद्यालय की कक्षाओं से अतिरिक्त समय में कोचिंग या कम्प्यूटर कक्षाओं में जाने के लिये निर्देशित करें। **प्रो. मनोज घोरसे** द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में डॉ.ज्योति शर्मा, डॉ.अनिता सोनी, डॉ. धर्मेन्द्र कुमार, डॉ.सुखदेव डोंगरे, डॉ.मीनाक्षी चौबे, प्रो. सलिल दुबे, प्रो.अशोक कदवाने, प्रो.अशोक दाभड़े, प्रो. रमाकांत जोशी, प्रो.राजेश शेषकर, प्रो.चन्द्रशेखर मेश्राम के साथ कई छात्र–छात्रा भी उपस्थित थे।

डॉ.अल्का पांडे
संयोजक शिक्षक–अभिभावक सम्मेलन

(डॉ.विजेता चौबे)
प्राचार्य
ज.हा.शा.महाविद्यालय बैतूल

Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt. PG College
Betul, MP
21.07.2023 18:17:21

**Hindi Diwas 14 September 2019**




Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt. PG College
Betul, MP
21.07.2023 18:17:21

... 2019 ज.ह. शास.स्नातकोत्तर. अग्रणी महाविद्यालय, बैतूल

## अतिथि स्वागत...








Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI,
e verified
Principal JH Govt. PG College
Betul, MP
21.07.2023 18:17:21

# दुनिया की सर्वाधिक वैज्ञानिक भाषा है हिन्दी : डॉ. खेमराज मगरदे

## हिन्दी दिवस के अवसर पर जेएच कॉलेज में 'चिंता और चिंतन' विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन




बैतूल। जेएच कॉलेज बैतूल के विवेकानंद सभागृह में प्राचार्य डॉ. खेमराज मगरदे के मार्गदर्शन में हिन्दी दिवस 2019 का 14 सितंबर को वृहद स्तर पर आयोजन किया गया। जिसमें शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पलखान सिंह चौहान, प्राचार्य खेमराज मगरदे, डॉ. विजेता चौबे, हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. अनिता सोनी, डॉ. रमाकांत जोशी, डॉ. चंद्रशेखर त्रिपाठी, पूर्व प्राध्यापक डॉ. एसबी हसन, डॉ. साधना डेहरिया, श्री रामचरण यादव, डॉ. रश्मि अग्रवाल, की उपस्थिति में 'चिंता और चिंतन' विषय के तहत हिन्दी दिवस पर आयोजित विचार गोष्ठी का वृहद स्तर पर आयोजन किया गया।

विचार गोष्ठी में प्राचार्य खेमराज मगरदे ने हिन्दी भाषा की वैज्ञानिक स्थिति विषय पर बोलते हुए कहा हिन्दी दुनिया की सर्वाधिक वैज्ञानिक भाषा है, इसमें हमारी शरीर रचना के हिसाब से ध्वनियां, संधि समास, आरोह अवरोह, अल्प प्राण, महाप्राण, ध्वनियां एवं वाक्य विन्यास का पूर्णतया वैज्ञानिक ढंग से समायोजन किया गया है। अमेरिका के रिसर्च सेंटर नासा ने हिन्दी की जननी संस्कृत को विश्व की सर्वाधिक वैज्ञानिक भाषा माना है। डॉ. पलखान सिंह चौहान ने देवनागरी लिपि और हिन्दी भाषा विषय पर बोलते हुए कहा हमारी अभिव्यक्ति की भाषा हमारे प्राण व में बसी केवल हिन्दी भाषा ही हो सकती है। हिन्दी का कलेवर बहुत व्यापक हिन्दी का प्रोफेसर उर्दू और फारसी के शब्दों का ज्ञान भी सहज रूप से रखता है। हिन्दी की लिपि देवनागरी विश्व की सर्वाधिक वैज्ञानिक लिपियों में से एक है। डॉ. अनिता सोनी ने हिन्दी की कालजयी स्थिति का विश्लेषण भगवान कृष्ण के बालरूप से काव्यमय पंक्तियो के माध्यम से तथा मीरा जायसी की काव्य पंक्तियों से हिन्दी की भाव व्यंजना को स्पष्ट किया कि मीरा की प्रेम पीड़ा और कबीर की

> विचार गोष्ठी में प्राचार्य खेमराज मगरदे ने हिन्दी भाषा की वैज्ञानिक स्थिति विषय पर बोलते हुए कहा हिन्दी दुनिया की सर्वाधिक वैज्ञानिक भाषा है, इसमें हमारी शरीर रचना के हिसाब से ध्वनियां, संधि समास, आरोह अवरोह, अल्प प्राण, महाप्राण, ध्वनियां एवं वाक्य विन्यास का पूर्णतया वैज्ञानिक ढंग से समायोजन किया गया है। अमेरिका के रिसर्च सेंटर नासा ने हिन्दी की जननी संस्कृत को विश्व की सर्वाधिक वैज्ञानिक भाषा माना है।

पर्यावरण संरक्षण भावनाओं को भी अभिव्यक्त किया। डॉ. रमकांत जोशी ने 15 सौ ईसवीं पूर्व से हिन्दी भाषा के इतिहास को स्पष्ट किया इसमें वैदिक संस्कृत लौकिक संस्कृत, पाली भाषा, प्राकृत भाषा, अपभ्रंश भाषा, हिन्दी भाषा के पैंतीस सौ वर्षों से इतिहास के विकासक्रम को स्पष्ट किया। हिन्दी दशा और दिशा विषय पर डॉ. चंद्रशेखर त्रिपाठी ने अपने ओजस्वी भाषण में प्रभावी कविताओं की अभिव्यक्ति के माध्यम से कहा कि हिन्दी एक त्रिमूर्ति के रूप में पूरे संसार में घूम रही है। हिन्दी भाषियों ने सारे संसार में भारत की शिखर पताका फैराई है।

संयुक्त अरब अमीरात में 60 प्रतिशत लोग हिन्दी बोलते हैं। पाकिस्तान में उर्दू लिपि वाली हिन्दी बोली जाती है। उन्होंने कहा हिन्दी का विस्तार वृक्ष की शाखाओं की तरह सारे विश्व में हो रहा है। हिन्दी अब विश्व भाषा बन गई है। सारे विश्व के 176 विश्व विद्यालयों में हिन्दी का अध्ययन किया जा रहा है। गर्ल्स कॉलेज में हिन्दी की प्राध्यापक डॉ. साधना डेहरिया ने हिन्दी की संवैधानिक स्थिति विषय पर कहा आज का आयोजन बहुत सुंदर और व्यवस्थित है। उन्होंने समय-समय पर राजभाषा अधिनियम में किए गए संशोधनों और उसमें जोड़े गए विभिन्न प्रावधानों को अनुच्छेदों के माध्यम से स्पष्ट किया। पूर्व प्राध्यापक डॉ. एसबी हसन ने कहा मैंने इतना शानदार हिन्दी दिवस जेएच कॉलेज में पहली बार मनाते हुए देखा। सिंध नदी के पूर्व के क्षेत्र को हिन्द कहा गया है और उसकी भाषा हिन्दी है, बाद में इसे खड़ी बोली कहा गया। कवि एवं लेखक रामचरण यादव ने हिन्दी की आचार्य मध्यमा, प्रथमा परीक्षाएं जो इलाहाबाद विश्व विद्यालय से 1936 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की उपस्थिति में प्रारंभ की गई थी जो अभी तक चल रही है के बारे में जानकारी देते हुए छात्र-छात्राओं का इन परीक्षाओं का लाभ लेने का आव्हान किया। उन्होंने एक कविता भी प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन हिन्दी विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. मीना डोनीवाल ने किया एवं आभार प्रदर्शन हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. अनिता सोनी ने माना। कार्यक्रम के अंत में अपना उद्बोधन देते हुए डॉ. विजेता चौबे ने कहा द्रविड़ भाषाओं का जन्म भी संस्कृत से ही हुआ है, दक्षिण की भाषाओं में संस्कृत शब्द की बहुलता है। जब तक हम हिन्दी को अपने विज्ञान, व्यापार, व्यवसाय की भाषा नहीं बनाएंगे उसका विकास अधूरा रहेगा। द्रविड़ भाषा के शब्दों को भी हमें हिन्दी में समाहित करके दक्षिण में उसके विरोध को रोकना होगा। कार्यक्रम में डॉ. पुष्पा रानी आर्य, डॉ. ज्योति शर्मा, डॉ. अर्चना मेहता, प्रो. अशोक दभाड़े, डॉ. सलिल दुबे, डॉ. सुखदेव डोंगरे, डॉ. अलका पांडे, प्रो. अर्चना सोनारे, प्रो. बलिराम खातरकर, प्रो. प्रगति डोंगरे, डॉ. एकनाथ निरापुरे, प्रो. मुकुंद चंदेल, प्रो. राजेश शेषकर, डॉ. सतीश ठक्करे, डॉ. विश्वनाथ कुबड़े और प्रो. विनोद वागद्रे एवं अन्य प्राध्यापक, अतिथि विद्वान, कर्मचारी, छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे। जेएच कॉलेज में वृहद स्तर पर हिन्दी दिवस का आयोजन किया गया।

Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt. PG College
Betul, MP
21.07.2023 18:17:21

"हिन्दी दिवस" 'चिंता और चिंतन' 14 सितम्बर 2019 ज.हॉ. शास.स्नातकोत्तर. अग्रणी महाविद्यालय, बैतूल

# हिन्दी दिवस पर भाव-विभोर हुए श्रोतागण-प्राध्यापक एवं विद्यार्थी











अध्ययनकर्ता एवं अवलोकनकर्ता को
हिन्दी विभाग की ओर से कृतज्ञता के साथ... धन्यवाद

Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt. PG College
Betul, MP
21.07.2023 18:17:21

## Premchand Jayanti 31 July 2019 Hindi



Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
Principal JH Govt. PG College
Betul, MP
21.07.2023 18:17:21

जयवन्ती हॉक्सर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बैतूल (मप्र)

**Jaywanti Haksar Government Post Graduate College, Betul (MP)**

Office: Civil Lines, Betul- 460001 Tel: 07141- 234244
E-mail : hegjhpgcbet@mp.gov.in Website: www.jhgovtbetul.com

# Energy Conservation Day 14-12-2020

Madhya Pradesh Council Of Science & Technology


**M.P. Council of Science & Technology (MPCST)**
**Science and Technology Popularization Division**

**Special Technical Session for Students of Eco Club, Govt. J.H.P.G. College, Betul (M.P.) on occasion of**

**Energy Conservation Day 2020**

**Activity Date: 14.12.2020**
**Time: 11 AM**
**Platform: Cisco Webex**
**Meeting Number: 176 508 0311**
**Password: XMucxEHK547**

| Time Schedule | Activity |
|---|---|
| 11: 00 AM – 11:05 AM | Introduction of Program and Welcome Address ( **Dr. N.K. Shivhare**, Sr. Principal Scientist, MPCST Bhopal) |
| 11: 05 AM – 11:10 AM | Address **(Dr. Vijeta Choubey,** Principal, Govt. JHPG College, Betul) |
| 11: 10 AM – 11:20 AM | Address ( **Dr. R.K. Arya**, Chief Scientist, MPCST Bhopal) |
| 11: 20 AM – 12:20 PM | Expert Lecture **(Prof. Prashant V. Baredar, Chairman Energy Centre, MANIT Bhopal)** |
| 12: 20 AM – 12:25PM | Vote of Thanks **(Dr. Alka Pandey, Incharge Eco Club,** Govt. JHPG College, Betul **)** |
| **Coordinator: Vikas Shende,** Principal Scientist, MPCST Bhopal | |




**प्रतिवेदन**
**इको क्लब**
**ऊर्जा संरक्षण दिवस 14.12.2020**

ऊर्जा संरक्षण दिवस 14 दिसम्बर 2020 के अवसर पर ज.हा.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैतूल की प्राचार्य डॉ. विजेता चौबे के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के इको क्लब के द्वारा MP Council of Science & Technology के सौजन्य से एक ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.विजेता चौबे ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि इस तरह के कार्यक्रम महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को ऊर्जा संरक्षण के साथ–साथ आत्मनिर्भर बनाने में भी मददगार होंगे।

MPCost भोपाल के Senior Principal Scientist Dr. N.K.Shivhare ने अपने उद्बोधन में बताया कि जनसंख्या वृद्धि के कारण ऊर्जा संसाधनों मे कमी आ रही है जो एक गंभीर चिंता का विषय है। MPCost भोपाल के Chief Scientist Dr. R.K.Arya ने बताया कि घरों में ज्यादा Energy consume करने वाले संयंत्रों जैसे–पानी की रॉड, माइक्रोवेव, एयर कंडीशनर आदि का कम से कम इस्तेमाल होना चाहिये तथा ज्यादा से ज्यादा सोलर ऊर्जा का उपयोग होना चाहिये। इन्होंने बताया कि जब Energy एक शहर से दूसरे शहर में transmit होती है तब इसमें 30 प्रतिशत का क्षय होता है जिससे बचने के लिये 6 Phage System पर शोध किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता, **मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मेनिट) के ऊर्जा विभाग के चेयरमेन प्रो. प्रशांत बारेदार** ने ब्रिकेट्स (कंडे का उन्नत रूप) बनाने की विधि तथा इसके महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने ग्रामीण अंचल को आधार बनाकर ब्रिकेट्स की उपयोगिता को समझाया।

इनके अनुसार ग्रामीण अंचलों में रहने वाले ग्रामीण Waste material को खुले क्षेत्र में dump करते है जिससे कुछ समय बाद वह spoil हो जाता है और इससे कई बीमारियां भी होती है। ग्रामीण क्षेत्रों में मुख्य अपशिष्ट गोबर होता है जिसका इस्तेमाल कंडे बनाने के लिये किया जाता है किंतु इसके प्रयोग से प्रदूषण होता है।

बारेदारजी के अनुसार ब्रिकेट्स कंडे का ही उननत रूप है जो कोयला, लकडी का कोयला के लिये एक जैव ईंधन विकल्प है जो कृषि और वानिकी कचरे से बने होते हैं। इसमें कम घनत्व वाले biomass को ब्रिकेटिंग मशीन की सहायता से उच्च घनत्व वाले biomass ब्रिकेट्स में परिवर्तित किया जाता है। इसमें किसी भी प्रकार के रसायनों का प्रयोग नहीं होता।

ब्रिकेट्स के मुख्य लाभ –

1. ईंधन और ऊर्जा का सबसे अच्छा अक्षय स्त्रोत माना जाता है।
2. इससे प्रदूषण को कम किया जा सकता है।
3. थर्मल कैलोरी मान काफी अच्छा है।
4. कृषि अपशिष्ट और जैव–कचरे का उपयोग होने के कारण बहुत सस्ता है।
5. एक स्थान से दूसरे स्थान पर संग्रहण, संभालना और परिवहन करना आसान है।
6. इसे जलाने से धुंआ कम होता है।

कार्यक्रम का आभार महाविद्यालय के इकोक्लब की संयोजक डॉ.अलका पांडे के द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम के संचालन में MPCost के Principal Scientist Dr. Vikas Shende की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

(डॉ.अल्का पांडे)
इको क्लब प्रभारी
ज.हा.शा.महाविद्यालय बैतूल

(डॉ.विजेता चौबे)
प्राचार्य
ज.हा.शा.महाविद्यालय बैतूल

**बैतूल पत्रिका**

पत्रिका, होशंगाबाद, मंगलवार, 15 दिसंबर, 2020

ऊर्जा संरक्षण दिवस पर कार्यशाला हुई

## जनसंख्या वृद्धि से ऊर्जा संसाधनों में कमी गंभीर चिंता का विषय

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क



ऊर्जा संरक्षण दिवस पर कार्यशाला हुई।

**माह में एक दिन नहीं चलाए वाहन**

Signature Not Verified
RAKESH KUMAR TIWARI
e verified
